Roll No. ..............................

# CHBC-12 (CERTIFICATE IN HERBAL BEAUTY CARE)

# Examination–2014

# CHBC-104

## सौन्दर्यवर्धक सामान्य योगों की निर्माण एवं उपयोग विधि

**Time :** 1 Hour **Maximum Marks :** 30

**Instructions ( निर्देश )**

**1.** This Question Paper consists of 30 Multiple Choice Objective Type questions. All question are compulsory and carry 01 mark each. There is No negative marking.

इस प्रश्नपत्र में 30 बहुविल्पीय प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का है। गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।

2. Each question has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to choose the correct answer and mark it on the OMR sheet.

प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिए गए हैं । आपको सही उत्तर विकल्प का चुनाव कर OMR प्रपत्र पर अंकित करना है।

3. For marking answers on the OMR sheet, follow the detailed instructions given on the OMR sheet.

OMR प्रपत्र पर अपने सही उत्तर को चिन्हित करने के लिए OMR प्रपत्र पर अंकित निर्देशों का पालन कीजिए।

1. पावों के निरंतर अधिक समय तक पानी में रहने से अंगुलियों के मध्य की त्वचा में गलन पैदा हो जाती है, रोगी को दाह, एवं कण्डु होता है। इस व्याधि को क्या कहते हैं?

(a) पामा (b) दारुणक

(c) अलस (d) पाददारी

2. वात एवं पित्त दोष से उत्पन्न होने वाले नख मांस पाक जिसमें रोगी को शूल एवं दाह होता है, को कहते हैं–

(a) विवृता (b) चिप्प

(c) कच्छपिका (d) पनसिका

3. कफ एवं वात के प्रकोप से उत्पन्न होने वाली, आकार में बड़ी पीड़िका जिसके एक अधिक मुख होते हैं, तथा शूल व दाह होता है, को कहते हैं–

(a) कच्छपिका (b) पनसिका

(c) अजगल्लिका (d) विवृता

4. कोदो (मंडुआ) की राख के घोल से तथा खट्टी छाछ से क्रमशः बार-बार कई दिनों तक सिर धोने से किस व्याधि में लाभ होता है?

(a) पालित्य (b) खालित्य

(c) नीलिका (d) दारुणक

5. किस औषधीय पौधे का मूल सुगन्धित होता है?

(a) उशीर (b) तिल

(c) घृतकुमारी (d) कमल

6. रूबिया कार्डिफोलिया (Rubia Cardifolia) किस औषधीय पादप का लैटिन नाम है?

(a) रक्तचन्दन (b) मंजिष्ठा

(c) सारिवा (d) प्रियंगु

7. किस फल का रस त्वचा की सफाई कर उसे नरम, सुन्दर एवं कांतियुक्त बनाता है?

(a) टमाटर (b) सेव

(c) खीरा (d) केला

8. कुरक्यूमिन (Curcumin) नामक रंजक द्रव्य घटक है-

(a) कुमारी (Aloevera) (b) हरिद्रा (Curcumalonga)

(c) केतक (Scew pine) (d) जपा (Hibiscus rosa-sinensis)

9. बालों को रंगने में किस पादप के पत्तों का उपयोग होता है?

(a) नारियल (b) खदिर

(c) सारिवा (d) मेंहदी

10. किस फल के रस से बालों को धोने पर उनमें चमक उत्पन्न होती है, बाल कोमल होते हैं तथा सिर की रूसी दूर होती है?

(a) आंवला (b) केला

(c) प्रियंगु (d) चंदन

11. सौन्दर्य प्रसाधन कक्ष में निम्न में से कौन-सी सामग्री होना आवश्यक नहीं है?

(a) फेस स्क्रब (b) टोनिंग लोशन

(c) एनीमापॉट (d) स्वच्छ तौलिया

12. सौन्दर्य बनाये रखने के लिए निम्न किन तीन बातों का होना आवश्यक है?

(a) आहार, निद्रा, ब्रह्मचर्य (b) निद्रा, तंद्रा, आलस्य

(c) रूप, गुण, व्यवस्थापन (d) इनमें से कोई नहीं

13. सौन्दर्य प्रसाधन हेतु नुकसानदेह होते हैं-

(a) औषधीय पादप (b) केमिकल युक्त क्रीम आदि

(c) त्वचा की स्वच्छता (d) इनमें से कोई नहीं

14. किस दोष की अधिकता से तैलीय त्वचा होती है?

(a) वात (b) पित्त

(c) कफ (d) तीनों दोषों से

15. किस दोष की प्रधानता से सिर के बाल जल्दी श्वेत (पालित्य) हो जाते हैं?

(a) वात (b) पित्त

(c) कफ (d) तीनों दोष

16. अर्जुन त्वक् चूर्ण एवं मंजिष्ठ चूर्ण मक्खन में मिलाकर त्वचा पर लेप करने से नष्ट होता है–

(a) दारुण रोग (b) युवानपीड़िका

(c) व्यंग (d) छीप

17. वट पत्रादि लेप से निम्न में से कौन–सा रोग नष्ट होता है?

(a) युवानपीड़िका (b) दद्रु

(c) विचर्चिका (d) कच्छपिका

18. लौहचूर्ण, भृंगराज, हरड़, बहेड़ा, आंवला, एवं काली मिट्टी इन सभी को गन्ने के रस में भिगोकर एक पात्र में भरकर मुख बंद करने के बाद एक माह तक धूप में रखकर फिर इसे छानकर बालों में लगाने से किसमें लाभ होता है?

(a) पीड़िकायें (b) खालित्य

(c) दारुणक (d) पालित्य

19. हरीतकी, चन्दन, मुस्ता, नागरमोथा, उशीर, लोध्र–इनके चूर्ण को शरीर पर अवघुलन करने से नष्ट होता है–

(a) त्वचा का मैल (b) त्वचा की झुर्रियां

(c) व्यंग (d) त्वचा की दुर्गन्ध

20. इन्द्रलुप्त रोग में किस तेल का प्रयोग लाभदायक होता है?

(a) करवीरादि तैल (b) करंजादि तैल

(c) कुमकुमादि तैल (d) इनमें से कोई नहीं

21. स्त्रियों में स्तनों को दृढ़ एवं स्थिर रखने के लिए औषध है–

(a) मेथी मोदक (b) त्रिफला मोदक

(c) भृंगराज मोदक (d) इनमें से कोई नहीं

22. त्वचा की मृत कोशिकाओं को दूर कर त्वचा को चिकना बनाने में लाभदायक है–

(a) तैलाभ्यंग (b) स्क्रब

(c) फेस पैक (d) फेसक्रीम

23. पके हुए गूलर फल के समान वर्ण वाली चौड़े मुख की पीड़िका को कहते हैं–

(a) विवृता (b) पनसिका

(c) अजगल्लिका (d) इनमें से कोई नहीं

24. अधिक चलने से तथा शरीर में कैल्शियम (Calcium) की कमी से कौन–सी ब्याधि उत्पन्न होती है?

(a) पाददारी (b) कुनख

(c) पामा (d) अलस

25. यौवनारम्भ के समय मुख पर उत्पन्न होने वाली पीड़िकाओं को कहते हैं?

(a) दारुणक (b) युवान पीड़िका

(c) चिप्प (d) सर्षपी

26. छ: भाग बैन्जोइक एसिड तथा तीन भाग सेलिसिलिक एसिड को मिलाकर लगाने से कौन–सी व्याधि ठीक होती है?

(a) नख कवक (b) कुनख

(c) विचर्चिका (d) दद्रु

27. केशराज किस औषधीय पादप का नाम है?

(a) उशीर (b) आंवला

(c) भृंगराज (d) चन्दन

28. त्वचा की झाइयां दूर करने तथा रक्त शोधन हेतु उपयुक्त है–

(a) अजवायन (b) आड़ू

(c) लवंग (d) प्रियंगु

29. किस रोग में शरीर पर कण्डु एवं पीड़िकाओं की उत्पत्ति, विशेष रूप से वाह्य जननागों एवं हाथ की अंगुलियों के मध्य में होती है तथा तीव्र वस्था में द्रवीय स्राव भी होता है?

(a) पाददारी (b) पामा

(c) पनसिका (d) दारुणक

30. त्वचा में उत्पन्न पीड़िकाओं, युवान पीड़िका, त्वक्कण्डु आदि व्याधियों तथा रक्त शोधन हेतु कौन–सा द्रव्य श्रेष्ठ है?

(a) नीम (b) बेल

(c) गूलर (d) नारियल